छठ पर दुधिया रोशनी से जगमगायेंगे गंगा घाट

शहर में लगेंगी 47 हजार अतिरिक्त लाइटें

(आज समाचार सेवा)

पटना। दीपावली और छठ महापर्व को लेकर पटना नगर निगम ने शहर में रोशनी की व्यापक व्यवस्था करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार गंगा घाटों से लेकर शहर की सड़कों, गली मोहल्लों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों को दुधिया रोशनी से जगमग किया जाएगा। इसके लिए सभी वार्डों में अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। रविवार को पहली खेप में सभी वार्डों को कुल 1800 अतिरिक्त लाइटें उपलब्ध कराई गईं। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने विद्युत प्रमंडल और सभी अंचलों को निर्धारित समय.सीमा में लाइट लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने को कहा गया है। खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम भी अंतिम चरण में है। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए गंगा घाटों तथा वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में निगम क्षेत्र के घाटों और पहुंच पथों पर 50 हाईमास्ट तथा लगभग 2200 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। इनके अतिरिक्त करीब 47 हजार अस्थायी लाइटें लगाई जाएंगी। इनमें 30 हजार फ्लड और मेटल लाइट तथा 17 हजार ट्यूबलाइट शामिल हैं। गंगा घाटों के अलावा शहर के विभिन्न तालाबों और पार्कों में भी अतिरिक्त रोशनी की व्यवस्था होगी। निगम का उद्देश्य छठ के दौरान घाटों और आसपास के रास्तों को पर्याप्त रोशनी से सुरक्षित बनाना है ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानी न हो।



त्योहारों में दुकान सजेगी, संभलकर खरीदना भाई

फुलवारी शरीफ, पटना (आससे)। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की ओर से 'मिलावटखोरी जानलेवा'- नाटक का सफल मंचन किया गया। महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे कुमार निर्देशित नाटक की प्रस्तुति वाल्मी, फुलवारी शरीफ में सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत- त्योहारों में दुकान सजेगा, संभलकर खरीदना भाई, जानलेवा जहर भी बिकेगा से हुई। दीपावली जैसे पर्वों के दौरान खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने बताया कि मिठाई, दूध, पनीर, खोवा आदि की खरीद करते समय सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि सिंथेटिक, मिलावट, रंगों का अत्यधिक प्रयोग तथा बैक्टीरिया, फंगस में सूक्ष्मजीव संक्रमण से फूड प्वाइजनिंग, पेट दर्द, डायरिया जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती है। जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित होती है। नाटक के कलाकार- महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, सौरभ राज, अमन कुमार, राहुल कुमार, अंजनी कुमार वर्मा, देव दर्शन, सक्षम शौर्य, शशांक और अद्विक के सशक्त अभिनय दर्शकों को जागरूकता का सार्थक संदेश दिया। संस्था के सचिव महेश चौधरी ने बताया कि इस प्रकार के नाटकों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना ही हमारा उद्देश्य है।

'मिलावटखोरी जानलेवा'





डिवाइडर से टकरायी कार, परखचे उड़े

कार में सवार दो युवक हुए फरार

पटना (निप्र)। पटना के अटलपथ महेशनगर के समीप एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। गनीमत रही की कार मे सवार युवक सही सलामत बच गये और मौके से फरार हो गये। वही कार के परखच्चे उड़ गये। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह अंटलपथ पर महेश नगर के समीप एक तेज रफ्तार कार जोरदार धमाके से साथ डिवाइडर से जा टकरायी और हवा मे उछलती हुई रोड के दूसरे लेन मे जा गिरी। टक्कर इतना जबरजस्त था की कार के परखच्चे उड गये वही कार मे सवार दो युवक मौके से फरार हो गये। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी गौरव ने बताया के कार दीघा की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही थी कार की स्पीड तकरीबन १०० से १२० की उपर होगी। सभवत: कार चालक स्पीड होने के कारण अपना नियत्रण खो दिया और डिवाइडर से जा टकरायी जिसके बाद कार हवा गेद की तरह उछलकर रोड के दूसरे किनारे मे जा गिरी। गौरव ने बताया के कार के दूसरे किनारे पर गिरने के बाद कार मे सवार दो युवक मौके से फरार हो गये। वही घटना के बाद कार सवार के एक परिचित मौके पर पहुचे और कार के पीछे लगे नंबर प्लेट को तोडने लेगे जो सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया हालाकि यह पता नही चल पाया की कार का नंबर प्लेट तोडने के पीछे उक्त व्यक्ति का क्या मकसद था। बहरहाल गांधी मैदान यातायात थाना की पुलिस कार को टो कर थाना ले गयी है।

94 महिलाओं को लखपति दीदी सम्मान

पटना (आससे)। राजधानी के रवींद्र भवन सभागार में एआरएल वैदिक आयुर इम्पेरर्स ग्रुप की ओर से महिला उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 94 महिलाओं को लखपति दीदी सम्मान से नवाजा गया। आयोजक एवं संस्थापक उज्ज्वल कुमार ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस दौरान महिलाओं ने अपनी सफलता और संघर्ष के अनुभव साझा किए। 81 लाख रुपये की आय के साथ सविता कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि 63 लाख रुपये की आय के साथ सुनीता सिन्हा दूसरे स्थान पर रहीं। सविता ने महिलाओं को अपना कारोबार शुरू कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अवसर पर वाकाथॉन का आयोजन

पटना (आससे)। सतर्कता जागरुकता सप्ताह-२०२६ के अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में वाकाथॉन का आयोजन किया गया। वाकाथॉन क्षेत्रीय कार्यालय, पटना सं आरंभ हुआ तथा इसका समापन लोहिया पार्क, कंकड़बाग में हुआ। इसमें बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्यनिष्ठा से समृद्धि के संकल्प को दोहराया।

वाकाथॉन के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने, अनियमितताओं के प्रति सजग रहने तथा सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति भी लोगों को जागरुक किया गया।



इस अवसर पर बैंक के सतर्कता अधिकारी नागेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी से व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी का पालन करने का आह्वान किया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी।

बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने ग्राहक सेवा को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए ग्राहकों की समस्याओं के त्वरित समाधान, साइबर एवं बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति जागरुकता तथा बेहतर कार्य संस्कृति अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों का विश्वास एवं बैंक की विश्वसनीयता बढ़ाना भी सभी कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण संजोय कुमार सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, चितरंजन चौधरी, दीपक कुमार, हिमांशु शेखर, उमाकांत चौधरी, राजेश पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बैंकिंग कार्यों में ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।


आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC
SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
सही जाँच — सही ईलाज — बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (उपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार
उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवत्ता एंडोस्कोपी यूनिट
लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रक्रियाएँ उपलब्ध
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक
रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

बिहार की 5 भाषाओं में 7 छठ गीत लेकर आ रही हैं कल्पना पटवारी

छठ गीत माला में भक्ति भाव का सांस्कृतिक समन्वय है कल्पना पटवारी

पटना (आससे)। छठ महापर्व में पहलीबार बिहार के मैथिली, भोजपुरी, मगहरी, अंगिका और बज्जिका में सात गीतों की छठ गीत माला आ रही है। इस माला की मालिन हैं सुप्रसिद्ध भोजपुरी पार्श्वगायिका कल्पना पटवारी। ये सातों गीत हृदयनारायण झा द्वारा लिखित रचित एवं संकलित इन्टैक द्वारा प्रकाशित उस डोजियर का हिस्सा है जो यूनेस्को में छठ महापर्व को अमूर्त विरासत घोषित करने के लिए भेजा गया है।

कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय कला पुरस्कार प्राप्त गायिका कल्पना पटवारी ने अंगिका छठ गीत की शूटिंग के लोकेशन से लाइव वीडियो दिखाकर गीतमाला के प्रति अपना उद्गार व्यक्त किया। कल्पना ने कहा, मैं सौभाग्य मानती हूं कि मुझे ऐसा अवसर सुलभ हुआ है अपने बिहार के लोक जीवन से जुड़ने का। छठ व्रती माताओं की सेवा में गाने का।



इस छठ गीत माला के सभी सात गीतों में अतीत और वर्तमान के छठ व्रतीयों की श्रद्धा निष्ठा और सहज भक्ति का भाव निहित है। प्रसंग भिन्न-भिन्न होते हुए भी सभी गीतों के भाव एक हैं। छठी माता की आत्म निवेदन भक्ति, समर्पित भक्ति में।

इन गीतों में जो भाव है वह व्यक्त करता है कि हमारी धार्मिक सांस्कृतिक चेतना एक जैसी रही है सम्पूर्ण बिहार में। गीतों में परंपरा है, व्रती का आत्म निवेदन है, दैवी आस्था का सहज भाव है। यह हमें परंपरा से जुड़ने और वर्तमान में जीने के लिए प्रेरित करता है। इस अर्थ में भी छठ गीत माला बिहार में भाषाई लोक सांस्कृतिक समन्वय की दिशा में एक प्रयास है। वीडियो प्रोड्यूसर म्युजिक बॉक्स परवेज खान ने बताया कि यह वीडियो शीघ्र ही रिलीज होगा।

इस वीडियो में सभी सात गीतों के बोल हैं मैथिली में- चारिपहर राति जल थल सेविलहू और कातिक मास इजोरिया। भोजपुरी में- जगतक पालक दीना नाथ कर दीहीं हमके सनाथ और गंगा गीत दशन मांगीला लोहार हे गंगा मइया। मगही में- छोटी मुटी मालिन बेटी के भुइयां लौटे केस, अंगिमा में छठि मइया अएतई अंगनमा सजन हम करवई बरतिया। और बज्जिका में रिमीभिमी बुन्दवा बरसि गेल ओरियानी मोती चूए।

दशहरा मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

(आज समाचार सेवा)

पटना। दशहरा मेला के आठवें दिन पन्द्रह हजार से अधिक दर्शकों ने भागीदारी सुनिश्चित की। गांधी मैदान में आयोजित दशहरा मेला सह पटना एक्सपो 2026 ने अपनी भव्यता और जन-उत्साह से राष्ट्रीय स्तर पर एक नया मील का पत्थर स्थापित कर दिया हैं।

तूफान अर्नब इफेक्ट के कारण खराब मौसम के बाद 1 नवंबर को जैसे ही धूप निकली तो पटना एक्सपो में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

त्योहारी खरीदारी का राष्ट्रीय केन्द्र बना गांधी मैदान आयुक्त कार्यालय पटना प्रमंडल एवं श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेगा एक्सपो में बिहार के साथ-साथ देश और दुनिया के कोने-कोने से आये प्रमुख, उद्यमी, शिल्पी और व्यापारी भाग ले रहे हैं।

आगामी दीपावली और लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर खरीदारों, विशेषकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा हैं। गांधी मैदान में सजे पारंपरिक परिधानों, आभूषणों, हस्तशिल्प, होम-डकोर और अत्याधुनिक घरेलू उपकरणों के स्टॉल पर खरीदारी की भीड़ देखी जा रही हैं। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति मिली हैं।



भटककर शेखपुरा मोड़ पहुंचा बच्चा

फुलवारी शरीफ। भटककर शेखपुरा मोड़ पहुंचे एक बच्चे को राहगीरों ने डुमरा ओपी के माध्यम से शास्त्रीनगर थाना पहुंचाया है. बच्चा अपना नाम मो. रहमत, पिता अनीफुर रहमान और माता नाजिया प्रवीण बता रहा है. हालांकि, वह अपने घर के पते की स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है. बच्चा पुरानी मस्जिद, फुलवारी शरीफ को अपना घर बता रहा है. पुलिस और स्थानीय लोगों की ओर से बच्चे के परिजनों की तलाश की जा रही है. जिस किसी व्यक्ति को इस बच्चे के बारे में जानकारी हो या उसके परिजनों को पहचानता हो, वह मोबाइल नंबर 9031825874 और 9334266120 पर सूचना देने की कृपा करें.



वीर शहीदों को सेनाधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दानापुर (आससे)। आज यहां स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले बिहार रेजिमेंट के वीर शहीदों के सम्मान में केंद्र अवस्थित वीर स्मृति स्थल पर विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बीआरसी के कार्यवाहक समादेष्टा कर्नल विजय कुमार ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मेजर वेदांतम सूर्या तेजा, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गणेश चन्द्र बिरुली सहित अन्य सैन्य अधिकारी, जेसीओ एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

यह स्थापना दिवस समारोह न केवल बिहार रेजिमेंट के गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक उपलब्धियों को स्मरण करने का अवसर रहा, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के सैनिकों में देशभक्ति, एकता, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण की भावना को और सुदृढ़ करने का भी प्रतीक बना। समारोह का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि बिहार रेजिमेंट के सभी सैनिक अपनी गौरवशाली परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए राष्ट्र की सेवा, सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026
for BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar
Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/08 Dated : 01.11.2026
Notice regarding Extension of Round-3 Online Counselling
In continuation to Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 & 2026/07 dated 24.10.2026, it is informed to all eligible & interested NEET(UG)-2026 qualified candidates and all concerned that in view of the Technical reason and Candidate's interest, the counselling programme for Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / Consent for UGMAC(Ayush)-2026 is hereby extended as follows;
Extended Important Dates for UGMAC(Ayush)-2026 Round-3 Counselling :
i. Last date of online Registration ..... : 03.11.2026 (10.00 pm)
ii. Last date of submission of Application with payment through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI by Registered candidate / Editing of Application Form data ..... : 03.11.2026 (11.59 pm)
iii. Consent for Round-3 with Payment (if any) from such candidates who have already duly submitted the Application Form earlier ..... : 03.11.2026 (11.59 pm)
iv. Publication of Rank Card ..... : 04.11.2026 (4.00 pm)
v. Last date of Choice Filling / Editing of Choices & Locking ..... : 04.11.2026 (11.59 pm)
vi. Round-3 Provisional Seat Allotment Result publication ..... : 07.11.2026
vii. Downloading of Provisional seat Allotment order ..... : 07.11.2026 to 11.11.2026
viii. Documents Verification and Admission ..... : 09.11.2026 to 11.11.2026
2. Rest of the terms / conditions for Round-3 Counselling mentioned in Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026 will remain the same.
Controller of Examination

रवि-पुष्य योग में खूब हुई खरीदारी

पटना (आससे)। कार्तिक कृष्ण अष्टमी में आज रविवार को रवि-पुष्य योग का महामुहूर्त बना है। वैदिक ज्योतिष में पुष्य नक्षत्र को सुख, समृद्धि, स्थिरता व निरंतर उन्नति का प्रतिक माना गया है। पोषण, ऊर्जा और शक्ति प्रदान करने वाला यह नक्षत्र शुभ और कल्याणकारी होता है। यह शुभ-सुंदर, सुख, सम्पदा और सौभाग्य देने वाला है।

इस नक्षत्र के अधिष्ठाता देवगुरु बृहस्पति और स्वामी शनि हैं। पुष्य नक्षत्र में सभी प्रकार की खरीदारी, नये कारोबार की शुरुआत, निवेश, बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी करना उत्तम रहेगा। रवि-पुष्य में स्वर्ण, चांदी, भूमि-भवन, तांबे की वस्तु, लोहा व बर्तन, रजत पात्र, मोती, बही खाता, कीमती धातुओं की खरीदारी, निवेश तथा सोम-पुष्य में कपड़ा, अनाज, परिधान व अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ होगा।



PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304697359, 9334074905